पण्डित सुन्दरलाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय छत्तीसगढ़

कोनी – बिरकोना मार्ग, बिलासपुर (छ.ग.) 495009 दूरभाष क्रमांक : (07752 – 240712)
(छ.ग. शासन के अधिनियम क्रमांक 26 सन् 2004 द्वारा स्थापित)
www.pssou.ac.in E-mail-registar@pssou.ac.in

दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी

(31 जनवरी- 01 फरवरी 2020)

शिक्षा विभाग तथा ग्रंथालय एवं सूचना विज्ञान, पण्डित सुन्दर लाल शर्मा (मुक्त) विश्वविद्यालय, द्वारा दिनांक 31 जनवरी- 01 फरवरी 2020 को विश्वविद्यालय में ***"महिलाओं की वर्तमान दशा तथा महिला सशक्तिकरण के समक्ष चुनौतियां"*** विषय पर दो दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। आयोजन समिति के मुख्य संरक्षक कुलपति डॉ. बंश गोपाल सिंह, सह-संरक्षक कुलसचिव डॉ. इंदु अनंत तथा संयोजक डॉ. बीना सिंह, विभागाध्यक्ष शिक्षा विभाग तथा सहसंयोजक डॉ. अनीता सिंह, सहायक प्राध्यापक, शिक्षा विभाग थे। संगोष्ठी में विभिन्न वक्ता, प्राध्यापक, शिक्षक, शोधार्थी तथा विद्यार्थियों सहित कुल 150 से अधिक प्रतिभागियों ने अपनी सहभागिता दर्ज की। संगोष्ठी के माध्यम से विभिन्न वक्ताओं ने महिलाओं की वर्तमान दशा तथा महिला सशक्तिकरण के समक्ष चुनौतियां के बारे में अपने-अपने विचार प्रस्तुत किये। इसके साथ ही संगोष्ठी में विभिन्न सत्रों का आयोजन किया गया जिसमें प्रतिभागियों ने शोध पत्रों का वाचन किया।

03.9.21

संयोजक